# चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/ए०आर०/8350
दिनांक : 15-12-2023

## विज्ञप्ति

विद्यत परिषद की बैठक दिनांक 05.12.2023 के मद संख्या–3(4) द्वारा विश्वविद्यालय में एन0ई0पी0–2020 प्रणाली के अन्तर्गत संचालित स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं के सम्बन्ध में प्रकाशित आवश्यक नियमावली के कतिपय प्रकरणों पर अधिक स्पष्टता लाने हेतु निम्नलिखित बिन्दुओं पर अनुमोदन प्रदान किया गया :–

1. एन0ई0पी0–2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों के तृतीय वर्ष में चयनित किये जाने वाले Industrial Training/Survey/Research Project (शोध परियोजना) को Minor Research Project (लघु शोध परियोजना) कहा जाये। जबकि एन0ई0पी0–2020 के अन्तर्गत संचालित परास्नातक पाठ्यक्रमों के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में चयनित किये जाने वाले Industrial Training/Survey/ Research Project (शोध परियोजना) को Research Project (शोध परियोजना) कहा जाये।
2. स्नातक स्तर पर Minor Research Project (लघु शोध परियोजना) पर कार्य पंचम एवं छठे दोनों सेमेस्टर में किया जायेगा किन्तु इसका मूल्यांकन छठे सेमेस्टर में ही किया जायेगा।
3. पंचम सेमेस्टर के स्नातक छात्रों द्वारा चयन किये गये दो Major Subjects में से किसी एक विषय का Minor Research Project (लघु शोध परियोजना) चयनित किया जाना अनिवार्य होगा जो छठे सेमेस्टर की परीक्षाओं से पूर्व समाप्त करना होगा। पंचम सेमेस्टर में चुने गये Minor Research Project (लघु शोध परियोजना) को छठे सेमेस्टर में परिवर्तित करने का विकल्प उपलब्ध नहीं होगा।
4. स्नातक पंचम सेमेस्टर की अंकतालिका में Minor Research Project (लघु शोध परियोजना) का उल्लेख नहीं किया जायेगा किन्तु परीक्षा फार्म में यह भरा जायेगा कि छात्र ने किस विषय का Minor Research Project (लघु शोध परियोजना) चयनित किया है।
5. इसी प्रकार एन0ई0पी0–2020 के अन्तर्गत संचालित परास्नातक पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर में छात्रों द्वारा एक Research Project (शोध परियोजना) का चयन किया जायेगा जिसका समापन द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाओं से पूर्व करना होगा तथा तृतीय सेमेस्टर में दूसरे Research Project (शोध परियोजना) का चयन किया जायेगा जिसका समापन चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाओं से पूर्व करना होगा।
6. परास्नातक प्रथम तथा तृतीय सेमेस्टरों की अंकतालिकाओं में Research Project (शोध परियोजना) का उल्लेख नहीं किया जायेगा तथा द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टरों की अंकतालिकाओं में 08-08 क्रेडिट के सापेक्ष Research Project (शोध परियोजना) का मूल्यांकन किया जायेगा।
7. एन0ई0पी0–2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों के तृतीय वर्ष में एक ही संकाय (Own Faculty) के दो विषयों का चयन किया जाना है। इस आशय हेतु यह स्पष्ट किया जाता है कि भाषा संकाय के अधीन आने वाले विषय यथा :– हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू को अलग संकाय न मानकर कला संकाय का ही भाग माना जायेगा।
8. एन0सी0सी0 में प्रशिक्षणरत छात्रों को Minor विषय के रूप में एन0सी0सी0 का चयन करने सम्बन्धी विस्तृत नियम विश्वविद्यालय विज्ञप्ति संख्या : परीक्षा/ए0आर0/8267, दिनांक 02.11.2023 द्वारा निर्गत किये जा चुके हैं। एन0ई0पी0–2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्र जो एन0सी0सी0 "B" Certificate हेतु प्रशिक्षणरत हैं को प्रथम वर्ष में लिये जाने वाले Minor विषय से छूट प्राप्त होगी तथा ऐसे छात्र जो एन0सी0सी0 "C" Certificate हेतु प्रशिक्षणरत हैं को स्नातक द्वितीय वर्ष में लिये जाने वाले Minor विषय से छूट प्राप्त होगी। इसके लिए निम्न प्रक्रिया अपनायी जायेगी :–
   i. ऐसे छात्र जो स्नातक प्रथम वर्ष में वि0वि0 परिसर/महाविद्यालय में एन0सी0सी0 "B" Certificate हेतु प्रशिक्षणरत हैं को द्वितीय सेमेस्टर में Minor विषय के स्थान पर विषय कोड QNCCB का चयन करना होगा। ऐसे छात्र जो स्नातक में वि0वि0 परिसर/महाविद्यालय में एन0सी0सी0 "C" Certificate हेतु प्रशिक्षणरत हैं को चतुर्थ सेमेस्टर में Minor विषय के स्थान पर विषय कोड QNCCC का चयन करना होगा।

क्रमशः.....2

चूँकि एन0सी0सी0 "B" Certificate दो वर्षों के उपरान्त प्राप्त होता है अतः सम्बन्धित महाविद्यालय/विभाग छात्र को "B" Certificate प्राप्त होने के पश्चात निर्धारित अंकों का आगणन कर अंक विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड करेगा तत्पश्चात् छात्र के द्वितीय सेमेस्टर के Minor विषय के अंक अपलोड कर दिये जायेंगे। इसी प्रकार एन0सी0सी0 "C" Certificate प्राप्त होने के पश्चात महाविद्यालय/विभाग द्वारा प्रेषित किये गये अंक छात्र की चतुर्थ सेमेस्टर की अंकतालिका में Minor विषय के सम्मुख अंकित किये जायेंगे। ऐसे छात्र जो Minor विषय के स्थान पर एन0सी0सी0 का विकल्प चुनते हैं के वास्तविक एन0सी0सी0 के अंक अपलोड होने से पूर्व तक Minor विषय के अंक के स्थान पर Later लिखा जायेगा।

ii. ऐसे छात्र जो स्नातक पाठ्यक्रम में सीधे एन0सी0सी0 "C" Certificate हेतु पंजीकृत होते हैं को केवल प्रथम वर्ष में Minor विषय के स्थान पर NCC का चयन करने का विकल्प उपलब्ध होगा। ऐसे छात्रों को स्नातक द्वितीय वर्ष के किसी एक सेमेस्टर में कोई अन्य Minor विषय का चयन करना होगा।

iii. एन0सी0सी0 में प्राप्त अंक भी अन्य Minor विषयों की तरह होंगे तथा इसका कुल पूर्णांक 100 होगा अर्थात् 25 अंक आंतरिक परीक्षा के होंगे जो महाविद्यालय/विभाग के ANO द्वारा छात्र को प्रदान किये जायेंगे। बाह्य परीक्षा 75 अंकों की होगी जो एन0सी0सी0 बटालियन द्वारा "B" अथवा "C" Certificate परीक्षा के आधार पर परीक्षा में प्राप्त अंकों को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित किये गये समतुल्यता फार्मूले के आधार पर आगणित किये जायेंगे।

13-12-23

**परीक्षा नियंत्रक**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-**

01. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ तथा समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
02. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
03. व्यैक्तिक सहायक, निदेशक (अकादमिक) को निदेशक (अकादमिक) जी के सूचनार्थ।
04. व्यैक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
05. व्यैक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
06. व्यैक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
07. उप कुलसचिव/सहा0 कुलसचिव/प्रभारी (परीक्षा/गोपनीय)।
08. प्रभारी–अति गोपनीय विभाग/कमेटी सैल/बी0एड0 सैल/व्यवसायिक पाठ्यक्रम।
09. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत समस्त एजेंसियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
10. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
12. गार्ड फाइल।

18/12/23

**सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)**